738वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 22 अप्रैल 2024

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्राप्त परियोजनाओ के तकनीकी परीक्षण हेतु राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) की 738वीं बैठक दिनांक 22/04/2024 को डॉ. पी.सी. दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्य स्वयं/वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित रहें :–

1. श्री राघवेन्द्र श्रीवास्तव, सदस्य ।
2. प्रो. (डॉ.) रूबीना चौधरी, सदस्य ।
3. डॉ. ए.के. शर्मा, सदस्य ।
4. प्रो. अनिल प्रकाश, सदस्य ।
5. डॉ. जय प्रकाश शुक्ला, सदस्य ।
6. डॉ. रवि बिहारी श्रीवास्तव, सदस्य ।
7. श्री ए.ए. मिश्रा, सदस्य सचिव ।

सभी सदस्यों द्वारा अक्ष्यक्ष महोदय के स्वागत के साथ बैठक प्रारंभ करते हुए बैठक के निर्धारित एजेण्डा अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्राप्त प्रोजेक्ट्सों का तकनीकी परीक्षण निम्नानुसार किया गया :–

1. **Case No 8830/2021 Shri Amit Sharma S/o Shri Laxminarayan Sharma, Dana Oil New Sarafa, Lashkar, Dist. Gwalior, MP Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 1.0 ha. (20,000 cum per annum to 34,000 cum per annum) (Khasra No. 3921), Village - Biloua, Tehsil - Dabra, Dist. Gwalior (MP) Consultant Shri Amit Saxena Apex Mintech Udaypur (Rj.) DEIAA case .**

This is case of Stone Quarry. The application was forwarded by SEIAA to SEAC for appraisal. The proposed site (Khasra No. 3921), Village - Biloua, Tehsil - Dabra, Dist. Gwalior (MP) 1.0 Ha. The project requires prior EC before commencement of any activity at site.

Chronology of the project :

- modified Mining Plan with progressive Mine Closure Plan prepared for enhance production of stone 20000 PP submitted that Environmental Clearance is required for mining project for a targeted production of Stone enhance 20000 cum per annum to 34000 cum. per annum. Initially, the quarry lease extraction for crushing purpose of stone, over an area of 1.00 hect (Survey No. 3921) for, situated near village- Biloua, Tehsil – Dabra, District-Gwalior (M.P.) Letter of Intent has been issued in favour of Shri Amit Sharma for 10 years by the Director of Geology & Mining Department Bhopal (M.P.) vide letter no. 12489/ Khanij / U.P./ Na. Kra. 09/2016, Dated 27.07.2016 for submitted the approval Mining Plan. The Mining Plan with progressive Mine Closure Plan was approved by Regional Head Geology & Mining Department, Gwalior for a production of Stone 20000 cum per annum. Environmental Clearance has been issued by DEIAA, Gwalior vide letter No. 1247/DEIAA/Na.Kra.-1/2016, Gwalior dated 22.02.2017 for proposed production of Stone Gitti 20,000 cu.m. per annum. Thereafter lessee wants Enhance the production of stone 20000 Cum./ year to 34000 Cum. /year. The Cum./ year to 34000 Cum. /year

and submitted under Rule 42 (c) of M.P. Minor Mineral Rules 1996 for necessary approved and same was approved by Regional Head Geology & Mining Department, Gwalior.

- Earler in this case TOR was recommended by 534th SEAC meeting dated 15/12/2021.

- राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल द्वारा परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ई.आई.ए. रिपोर्ट राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) को ऑन लाईन प्रेषित की गई है।

- प्रकरण सेक की 635वीं बैठक दिनांक 08/04/23 को प्रस्तुतीकरण हेतु सूचीबद्ध था किंतु परियोजना प्रस्तावक / उनके पर्यावरणीय सलाहकार प्रस्तुतीकरण हेतु समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए अतः समिति ने निर्णय लिया कि परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तुतीकरण हेतु अंतिम अवसर देते हुए प्रकरण आगामी बैठक में रखा जाये तथा यदि फिर भी परियोजना प्रस्तावक अनुपस्थित रहते है तो इस प्रकरण निरस्त (डिलिस्ट) करते एसईआईएए को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जावें।

- दिनांक 29/05/2023 को परियोजना प्रस्तावक श्री अमित शर्मा (ऑनलाईन) और उनकी ओर पर्यावरण सलाहकार श्री अमित सक्सेना मेसर्स एपेक्स मिनटेक कांसल्टेंट, उदयपुर (राज.) उपस्थित हुए। प्रस्तुतीकरण के दौरान अनुमोदित माइन प्लॉन में उल्लेखित अक्षांश–देशांस के आधार पर गूगल इमेज अनुसार खदान के दक्षिण–पूर्वी क्षेत्र में 80 मीटर दूरी पर तालाब है । आवंटित खनन् क्षेत्र से कच्चा / हॉलेज रोड़ निकल रहा है । प्रकरण क्षमता विस्तार 15,894 घनमीटर/वर्ष से 34,000 घनमीटर/वर्ष का है। इस खदान का विवरण जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज नं.–26 के सरल क्रमांक–41 पर दर्ज है । प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति डिया के पत्र क्रमांक 1247 दिनांक 22/07/17 द्वारा जारी की गई है । प्रश्नाधीन खदान को पूर्व में डिया से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हुई है अतः अतः परीक्षण के दौरान पाया गया कि **डिया की अन्य शर्तो के साथ वृक्षारोपण एवं सी.ई.आर. संबंधी शर्तो का पूर्णतः पालन नही हुआ है। जैसे कि खदान के चारो ओर फेंसिग का 200 मीटर का कार्य शेष है, वृक्षारोपण संबंधी कार्य परियोजना प्रास्तावक द्वारा जोराशी पहाड़ी पर किया है परन्तु वृक्षारोपण संबंधी जानकारी /फोटोग्राफ प्रस्तुतीकरण में नही थे, सी.टी.ओ., सीटीई से संबंधित बिंदु भी परियोजना प्रस्तावक द्वारा पालन नही किया है ।**
- अतः समिति ने चर्चा कर यह पाया कि सिया द्वारा जारी टॉर बिंदुओ पर पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान निम्न जानकारी प्रस्तुत नही गई है अतः निर्णय लिया कि उपरोक्त संदर्भ में समिति द्वारा अनुसंशित टॉर के अनुसार निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत की जावे –
  - Compliance of consent conditions of M. P. Pollution Control Board from concerned Regional Office.
  - A blast induced ground vibration and air over pressure study for the mines located within 500 m of any dwellings or any other important

structure. The study should clearly recommend a site specific square root predictor equation for determining the maximum charge/delay that can be safely used.

- Hydrological studies be carried out to address the impact of existing mining activities on ground water. The report shall clearly mention the maximum depth up to which mining can be allowed in the cluster without causing any adverse impact on ground water and extent up to which mining can be allowed near surface water body.
- In addition to EMP for entire cluster in the EIA report a site specific EMP for each mine should also be prepared and submitted separately.

- समिति द्वारा प्रकरणो के प्रस्तुतीकरण के दौरान प्रायः यह देखा जाता है कि जो टॉर बिंदु सेक द्वारा अनुसंशित किये जाते है वे टॉर बिंदु सिया द्वारा पूर्णतः शामिल नही किये जाते है । प्रस्तुत प्रकरण 8830/21 में बिंदु क्रमांक 16,17,19 एवं 22 बिंदुओ पर परियोजना प्रस्तावक / उनके पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा जानकारी प्रस्तुत नही की गई अतः परियोजना प्रस्तावक द्वारा पुनः जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।
- परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त वांछित जानकारी प्राप्त न होने की दशा मे राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी) द्वारा 666वीं बैठक दिनांक 04/08/2023 द्वारा प्रकरण को डिलिस्ट करने हेतु अपनी अनुशंसा की गई है।
- राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (सिया) द्वारा 803वीं बैठक दिनांक 25/08/2023 द्वारा प्रकरण को डिलिस्ट किया गया।
- राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (सिया) द्वारा 823वीं बैठक दिनांक 29/12/2023 द्वारा प्रकरण को डिलिस्ट करते हुये प्रकरण को प्रेषित किया गया है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त जानकारी परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है, जिसे समिति की आज बैठक दिनांक 22/04/24 को प्रस्तुतीकरण में रखा गया, प्रकरण समिति की 645वीं बैठक दिनांक 29/05/23 को प्रस्तुत हुआ था, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री अमित शर्मा (ऑनलाईन) और उनकी ओर पर्यावरण सलाहकार श्री अमित सक्सेना मेसर्स एपेक्स मिनटेक कांसल्टेंट, उदयपुर (राज.) उपस्थित हुए।

समिति द्वारा पूर्व में जारी ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा के दौरान निम्न शर्तो का पालन प्रतिवेदन देखा गया –

डिया की ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा	**पालन प्रतिवेदन की वर्तमान स्थिति**
लीज के चारों ओर फेन्सिग की वर्तमान स्थिति	फेंसिंग 40 प्रतिशत बनी हुई है व 120 पौधों का रोपण किया गया है। गारलेण्ड ड्रेन एवं सेटलिंग टेंक05 प्रतिशत बनी हुई है
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार वृक्षारोपण की वर्तमान स्थिति एवं बेरियर जोन में 7.50 मीटर पर वृक्षारोपण	
गारलेण्ड ड्रेन एवं सेटलिंग टेंक की वर्तमान स्थिति	

अनुमोदित माईनिंग प्लान के अनुसार खनन किये गये पिट्स में बैंचेस की स्थिति।	अवलोकित नहीं हुई।
ओवर वर्डन डम्प की वर्तमान स्थिति	लीज में स्थित है।
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार सामाजिक कार्य का विवरण भौतिक लक्ष्य, बजट	संतोषजनक कार्य किये गये हैं।
पौधारोपण की स्थिति	परियोजना प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया गया कि खदान क्षेत्र में लगभग 20 पेड़ लगाये गये एवं 50 पेड़ बांटे गये।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण, पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती हैः–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता 20,000 cum per annum to 34,000 cum per annum घनमीटर/वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 7.20 लाख एवं रिक्रिंग राशि रू. 3.41 लाख प्रति वर्ष एवं क्लस्टर पर्यावरण प्रबंध योजना मद में केपीटल राशि रू. 23.53 लाख एवं रिक्रिंग राशि रू. 1.30 लाख प्रति वर्ष
3. पिट्स में बैंचेस/बेरियर जोन की स्थिति को रि–स्टोर किया जावें।
4. डिया द्वारा जारी ई.सी की समस्त शर्तो का एवं उपरोक्तानुसार दर्शायें गये कार्यो को पूर्ण कर विस्तृत पालन प्रतिवेदन खनिज अधिकारी से प्रमाणिकृत करवाकर 03 माह के अंदर सिया के समक्ष प्रस्तुत करेगें।
5. माईन रिस्टोरेशन कार्य माईन प्लान के अनुसार 01 वर्ष में पूर्ण किया जावें तथा खनिज अधिकारी द्वारा इसकी पूर्णता की पुष्टि की जावें तथा सभी शर्तो का पालन न होने की स्थिति में सिक्योरिटी राशि से उक्त कार्य विभागीय स्तर से किया जावें।
6. जिला खनिज अधिकारी प्रत्येक 06 माह में लीज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान यह सुनिश्चित करेगें कि प्रतिबंधित क्षेत्र में (गैर खनन क्षेत्र) कोई खनन कार्य नहीं हुआ है। यदि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र एवं बेरियर जोन में (गैर खनन क्षेत्र) खनन कार्य होना पाया जाता हो तो खनिज अधिकारी गौण खनिज अधिनियम 1996 एवं यथासंशोधित नियमों के तहत् वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करेगें एवं पर्यावरण स्वीकृति के वॉयलेशन की सूचना सिया कार्यालय को प्रस्तुत करेगें।

उक्त प्रकरण की समीक्षा की गई तकनीकी दृष्टिकोण से अनुशंसा किये जाने योग्य है, परन्तु उल्लेखनीय है कि डिया प्रकरणों के रिअप्राईजल के संबंध में MOEF &CC के OM दिनांक 15/01/2024 के माध्यम से SOP जारी किया गया है। इस प्रकरण हेतु आवेदन 15 जनवरी के पूर्व का है, अतः प्रकरण की समीक्षा एवं अनुशंसा पूर्व में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार

की गई है। अतः MOEF&CC के OM दिनांक 15/01/2024 के परिपालन में निर्णय एवं अग्रिम कार्यवाही सिया स्तर से किये जाने का आग्रह है।

2. **Case No 10752/2023 Shri Sandeep Rai, Owner, Niwasi-Bichiya, Tehsil-Shahpura, District-Dindori (MP)-481885 Prior Environment Clearance for Bhardwara Stone Quarry in an area of 2.00 ha. (3001 cum per year) (Khasra No. 62/5, 62/6, 65), Village-Bhardwara, Tehsil-Shahpura, District-Dindori (MP) [419957] [DEIAA].**

पूर्व में इस प्रस्तावित खदान का समिति की 706वीं बैठक दिनांक 28/12/2023 को प्रस्तुतीकरण हुआ था, जिसे परियोजना प्रस्तावक Shri Sandeep Rai, Owner एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री वरूण भारद्वाज मेसर्स जेनिथ इंवायरमेंट कंसलटेंसी नोयडा (उ.प्र.) उपस्थित हुए और उनके द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया।

परियोजना विवरण	**परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज**	
परियोजना प्रस्तावक, परियोजना / कम्पनी /संस्थान का नाम व पता	Shri Sandeep Rai, Owner, Niwasi-Bichiya, Tehsil-Shahpura, District-Dindori (MP)-481885 Prior Environment Clearance for Bhardwara Stone Quarry in an area of 2.00 ha. (3,001 cum per year) (Khasra No. 62/5, 62/6, 65), Village-Bhardwara, Tehsil-Shahpura, District-Dindori (MP) [419957] [DEIAA],	
परियोजना का खसरा नं./लीज क्षेत्रफल	खसरा नं.– 62/5ए 62/6ए 65ए.	एरिया– 2.00 ha., निजी भूमि (मेहरा जाति–अनुबंध जमा कराश गया)
परियोजना स्थल	ग्राम– भरद्वारा, तहसील – शाहपुरा, जिला– डिण्डोरी (म.प्र.).	
सैंधातिक सहमति	पत्र क्र0. 455 दिनांक 08/02/2017.	
परियोजना की श्रेणी	बी–2.	
जल/वायु सम्मति नवीनीकरण	Consent No:AW-115573 वैद्यता दिनांक 13/01/2025.	
खनन् कार्य ब्लास्टिंग/रॉक ब्रेकर	• Muffle Blasting (As per Parivesh Portal up-loaded information).	
डिया द्वारा जारी ई.सी. का विवरण (यदि लागू हो)	**डिया–डिण्डोरी के पत्र कमांक 825 दिनांक 24/07/2017 के माध्यम से पूर्व पर्यावर्णीय स्वीकृति प्राप्ति हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है।**	
उत्पादन क्षमता	Gitti – 3,001 cum per year.	

परियोजना के 500 मीटर की परिधि में संचालित /स्वीकृत अन्य खदानों का विवरण।	कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला डिण्डोरी . के एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 735 दिनांक 06/03/2023 अनुसार 500 मीटर की परिधि में अन्य 01 खदान स्वीकृत है, जिनको मिलाकर कुल रकबा 2.70 हे. होता है, अतः प्रकरण बी–2 श्रेणी के अंतर्गत आता है।
परियोजना के संबंध में डीएफओ की एनओसी	कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला डिण्डोरी . के एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 879 दिनांक 22/09/2023 अनुसार 10 किलोमीटर की परिधि में नेशनल पार्क/अभ्यारण्य/ईको सेंसेटिव जोन जैव विविधता एवं 250 मीटर में वन क्षेत्र स्थित नहीं है
परियोजना के संबंध राजस्व जानकारी	कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला डिण्डोरी के एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 879 दिनांक 22/09/2023 अनुसार बरसाती नाला–50 मी., पक्का रास्ता–120 मी की दूरी पर स्थित है।
ग्राम सभा/ ग्राम पंचायत/	ग्राम पंचायत– बडखेड़ा जिला – डिण्डोरी का ठहराव प्रस्ताव क्र0. 08 दिनांक 29/12/2018 द्वारा अनापत्ति पत्र जारी किया गया है।
प्रस्तावित खदान की गूगल इमेज अनुसार स्थिति (यदि सेटबैक आवश्यक हो)	उत्तर दिशा– . पक्की रोड लगभग 60 मी.
	पश्चिम दिशा– प्राकृतिक नाला लगभग 39 मी.
जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट की स्थिति	परियोजना प्रस्तावक ने बताया कि इस खदान का विवरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज नं.–142 के सरल क्रमांक–40 पर दर्ज है।

समिति द्वारा पूर्व में जारी ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा के दौरान निम्न शर्तो का पालन प्रतिवेदन देखा गया।

डिया की ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा	**पालन प्रतिवेदन की वर्तमान स्थिति**
लीज के चारों ओर फेन्सिग की वर्तमान स्थिति	फेन्सिंग लगभग 75 प्रतिशत है
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार वृक्षारोपण की वर्तमान स्थिति एवं बेरियर जोन में 7.50 मीटर पर वृक्षारोपण	अपूर्ण है।
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार सामाजिक कार्य का विवरण भौतिक लक्ष्य, बजट	ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। सामुदायिक भवन बनाया गया है। फोटोग्राफ प्रस्तुत नहीं किये है।
पौधरोपण कार्य	लगभग 500 पौधे क्रशर के पास लगाये है

परीक्षण के उपरांत समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निम्न बिन्दुओं पर जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया :–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि खदान में स्थित पिट को मुरूम से भर दिया गया है, अतः जियोटेग फोटो प्रस्तुत किया जायें।
2. गुगल ईमेज के अनुसार कुछ अन्य खदाने दिख रही है। अतः नवीन एकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
3. पक्की रोड लगभग 60 मी. एवं प्राकृतिक नाला लगभग 39 मी. पर स्थित है। अतः स्थानवार मापदण्ड छोडते हुये पुर्नरक्षित सरफेस प्लान प्रस्तुत करें।
4. ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार फेन्सिग एवं वृक्षारोपण के संबंध में परियोजना प्रस्तावक का वचन पत्र कि शेष बचा हुआ कार्य कब तक पूर्ण करेगें।
5. उपरोक्त के अतिरिक्त प्रकरण के संबंध में समिति को श्री अघनु सिंह मेसराम, ग्राम सभा अध्यक्ष, पैसा एक्ट समिति की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत में उठायें गये निम्न बिन्दुओं पर पृथक से जानकारी प्रस्तुत की जाये :–
   - खदान क्षेत्र के निकट स्थित सिचाई हेतु बनाई गई पक्की नहर की वस्तु स्थिति एवं इसके संरक्षण हेतु किये गये उपाय।
   - ग्राम भरद्वारा पैसा एक्ट के अंतर्गत चिन्हित होना बताया गया है। अतः पैसा एक्ट के अंतर्गत ग्राम सभा समिति से प्राप्त अनापत्ति/प्रस्ताव।
   - खदान संबंधि कोई भी न्यायालयीन वाद अथवा कोई निर्देश हो तो उसके संबंध में पूर्ण जानकारी।
   - खदान के निकट प्राकृतिक नाले की वस्तु स्थिति एवं इसके संरक्षण हेतु किये गये उपाय।
   - खदान क्षेत्र अथवा आसपास यदि क्रशर या एम सेंड प्लान्ट की स्थापना की गई हो तो उसकी जानकारी प्रस्तुत करें।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त जानकारी परिवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है, प्रकरण को समिति की आज बैठक दिनांक 22/04/24 को प्रस्तुतीकरण में रखा गया, परियोजना प्रस्तावक Shri Sandeep Rai, Owner एवं पर्यावरणीय सलाहकार श्री मयंक जादौन FAE ऑनलाईन मेसर्स जेनिथ इंवायरमेंट कंसलटेंसी नोयडा (उ.प्र.) उपस्थित हुए। समिति द्वारा प्रकरण के प्रस्तुतीकरण के प्रारम्भ में पर्यावरणीय सलाहकार से पूछने पर ज्ञात हुआ कि उनके यहॉ से स्थल निरीक्षण नहीं किया गया है। अतः समिति ने निर्देश दिये कि खदान क्षेत्र का एवं आस–पास के क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर जियोटेग फोटोग्राफ के साथ प्रस्तुत करें। तदुपरान्त प्रकरण पर विचार किया जावेगा।

3. **Case No 10478/2023 Shri Veer Gurjar, Lessee, R/o House No. 23, Ahinsa Vihar Colony, Ayodhya Bypass Road, District-Bhopal (MP)-462041, Prior Environment Clearance for Stone & M-sand Quarry in an area of 4.00 ha. (Stone-90000, M-**

Sand-60000 cum per year) (Khasra No. 102, 103P), Village-Jawaharkhera, Tehsil-Budni, District-Sehore (MP). DEIAA.

पूर्व में इस प्रस्तावित खदान का समिति की 688वीं दिनांक 12/10/2023 को प्रस्तुतीकरण हुआ था। यह प्रकरण समिति के समक्ष री–एपराईजल हेतु सिया के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त हुआ है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि प्रस्तावित प्रकरण में उल्लेखित खदान को जिला स्तरीय समिति द्वारा पत्र **दिनांक** 23/05/16 **के माध्यम से** पर्यावरणीय स्वीकृति **जारी की गई थी। उक्त बैठक में** समिति ने निर्णय लिया कि प्रकरण के री–एपराईजल हेतु परियोजना प्रस्तावक डिया फार्मेट के अनुसार जानकारी प्रस्तुत करें।

उपरोक्त जानकारी परियोजना प्रस्ताव ने परिवेश पोर्टल पर प्रस्तुत कर दी गई है, जिसमें समिति समक्ष आज दिनांक 22/04/2024 को प्रस्तुतीकरण हेतु रखा गया, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री वीर गुर्जर एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री राम राघव, मेसर्स ग्रीन सर्कल आईएनसी, बडौदा, गुजराज उपस्थित हुए और उनके द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया ।

उपरोक्त खदान को पूर्व में डिया जिला स्तरीय समिति द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसकी शर्तों के पालन प्रतिवेदन एवं अन्य बिन्दुओं के दृष्टिगत पुर्न मूल्यांकन हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया है। समिति द्वारा ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा की गई ।

समिति द्वारा पूर्व में जारी ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा के दौरान निम्न शर्तो का पालन प्रतिवेदन देखा गया।

डिया की ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा	**पालन प्रतिवेदन की वर्तमान स्थिति**
लीज के चारों ओर फेन्सिग की वर्तमान स्थिति	आंशिक पायी गई।
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार वृक्षारोपण की वर्तमान स्थिति एवं बेरियर जोन में 7.50 मीटर पर वृक्षारोपण	सघन वृक्षारोपण नहीं किया गया।
गारलेण्ड ड्रेन एवं सेटलिंग टेंक की वर्तमान स्थिति	नहीं पायी गई।
अनुमोदित माईनिंग प्लान के अनुसार खनन किये गये पिट्स में बैंचेस की स्थिति।	अवलोकित नहीं हुई।
पौधारोपण की स्थिति	नहीं पाये गये।
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार सामाजिक कार्य का विवरण भौतिक लक्ष्य, बजट	सामाजिक कार्य के साक्ष्य प्रस्तुत किये।
प्रस्तावित स्थल की गूगल इमेज अनुसार वर्तमान स्थिति	उत्तर दिशा– प्राकृतिक नाला लगभग 94 मीटर, उत्तर पूर्व दिशा– जल निकाय क्षेत्र लगभग 220 मीटर एवं उत्तर पश्चिम

	दिशा– शेड लगभग 40 मीटर। परियोजना प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया कि खदान के आसपास जो पिट दिखाई दे रहे हैं जो निजी खेतों में किसान द्वारा बनाये गये है।

प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा रातापानी अभ्यारण से दूरी के संबंध में जिला वन मण्डल अधिकारी का पत्र क्रमांक 2680 दिनांक 28/09/2013 प्रस्तुत किया जिसमें उल्लेख है कि रातापानी अभ्यारण से लीज क्षेत्र की कोर जोन से दूरी 6 कि.मी. है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण, पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है:–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता Stone-90000, M-Sand-60000 cum per year ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 11.12 लाख एवं रिकरिंग राशि रू. 3.89 लाख प्रति वर्ष ।
3. पिट्स में बैंचेस/बेरियर जोन की स्थिति को रि–स्टोर किया जावें।
4. माईन रिस्टोरेशन कार्य माईन प्लान के अनुसार 01 वर्ष में पूर्ण किया जावें तथा खनिज अधिकारी द्वारा इसकी पूर्णता की पुष्टि की जावें तथा सभी शर्तो का पालन न होने की स्थिति में सिक्योरिटी राशि से उक्त कार्य विभागीय स्तर से किया जावें।
5. जिला खनिज अधिकारी प्रत्येक 06 माह में लीज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान यह सुनिश्चित करेगें कि प्रतिबंधित क्षेत्र में (गैर खनन क्षेत्र) कोई खनन कार्य नहीं हुआ है। यदि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र एवं बेरियर जोन में (गैर खनन क्षेत्र) खनन कार्य होना पाया जाता हो तो खनिज अधिकारी गौण खनिज अधिनियम 1996 एवं यथासंशोधित नियमों के तहत् वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करेगें एवं पर्यावरण स्वीकृति के वॉयलेशन की सूचना सिया कार्यालय को प्रस्तुत करेगें।
6. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 1.40 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.आर. मद में प्रस्तावित गतिविधियॉ	राशि (रू. में)
ग्राम कठोतिया के शासकीय विद्यालय के विकास हेतु उल्लेखित राशि भू–प्रवेश मिलने के 3 माह के भीतर जमा करवा दी जावेगी।	1,40,000/-

7. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 4800 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियतस्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1.	उत्खनिपट्टे के बैरियरजोन के अंतर्गत	सिस्सू, काला सिरिस, सफेद सिरिस, खमेर, पीपल, जंगल जलेबी, नीम, सीताफल, चिरोलआदि एवं अन्य स्थानीय प्रजातियाँ।	930 पौधे
2.	गैर खनन क्षेत्र में	नीम, पीपल, जंगल जलेबी, सिस्सू, काला सिरिस, सफेद सिरिस, खमेर, सीताफल, चिरोल आदि एवं अन्य स्थानीय प्रजातियाँ।	300 पौधे
3.	परिवहन मार्ग में 15 मी. पर	नीम, सिस्सू, कदम्ब, करंज,पाकर, पीपलआदि एवं अन्य स्थानीय प्रजातियाँ ट्री–गार्ड के साथ	100 पौधे
4.	शासकीय शालामें वृक्षारोपण	पुत्रंजीवामोलश्री, सिस्सू, कदम्ब, पीपल, कचनार, नीम, चिरोल आदि एवं अन्य स्थानीय प्रजातियाँ। पूर्ण सुरक्षा सहित।	50 पौधे
5.	पोस्ट ऑफिस जवाहरखेड़ा के परिसर में	पुत्रंजीवामोलश्री, सिस्सू, कदम्ब, पीपल, कचनार, नीम, चिरोल आदि एवं अन्य स्थानीय प्रजातियाँ। पूर्ण सुरक्षा सहित।	50 पौधे
6.	ग्रामीणों में पौधो का वितरण	आंवला, सीताफल, आम, अमरुद, अनार, कटहल, जामुन, हाइब्रिडमुनगा आदि अन्य स्थानीय प्रजातियाँ	3370पौधे
		कुल वृक्षारोपण	4800पौधे

उपरोक्तानुसार वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में किया जायें खनन अवधि तक उन पौधों का रख–रखाव / मृत पौधों का बदलाव खनन् अवधि तक किया जाये । गरलेण्ड ड्रेन तथा सेटलिंग टैंक के बंड पर स्थानीय बीज बोबाई कर उनका सरंक्षण किया जाना । परियोजना प्रस्तावक ग्रामीणों में पौधों का वितरण के समय गॉव का नाम, लाभांवित व्यक्ति/कृषक का नाम, मोबाईल नम्बर, खसरा नम्बर एवं प्रजाति का विवरण तथा कितने पौधे वितरित किये गये की संख्या देते हुए पर्यावरणीय स्वीकृति के पालन प्रतिवेदन में शामिल करेंगे।

उक्त प्रकरण की समीक्षा की गई तकनीकी दृष्टिकोण से अनुशंसा किये जाने योग्य है, परन्तु उल्लेखनीय है कि डिया प्रकरणों के रिअप्राईजल के संबंध में MOEF &CC के OM दिनांक 15/01/2024 के माध्यम से SOP जारी किया गया है। इस प्रकरण हेतु आवेदन 15 जनवरी के पूर्व का है, अतः प्रकरण की समीक्षा एवं अनुशंसा पूर्व में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार

की गई है। अतः MOEF&CC के OM दिनांक 15/01/2024 के परिपालन में निर्णय एवं अग्रिम कार्यवाही सिया स्तर से किये जाने का आग्रह है।

4. **Case No 10329/2023 Shri Sanjay Bhawsar, R/o Khanjanpur, District Betul (MP)-460001, Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 2.00 ha. (19600 cum per year) (Khasra No. 19/2), Village-Kolgaon, Tehsil-Betul, District-Betul (MP)**

प्रस्तावित खदान का समिति की 679वीं दिनांक 14/9/23 को प्रस्तुतीरण हुआ था, जिसमें **समिति ने परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया कि** ई.सी. शर्तो के अनुसार फेंसिंग, वृक्षारोपण एवं स्थायी प्रकृति का समाजिक कार्य की प्रमाणिक प्रति एवं अन्य शर्तो का शत् प्रतिशत पालन प्रतिवेदन **एवं दस्तावेज, व्यय, फोटोग्राफ सहित प्रस्तुत करें तब उनके प्रकरण पर विचार किया जायेगा ।**

उपरोक्त जानकारी परियोजना प्रस्ताव ने दिनांक 19/02/2024 को प्रस्तुत कर दी गई है, जिसमें समिति समक्ष आज दिनांक 22/04/2024 को प्रस्तुतीकरण हेतु रखा गया, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री संजय भावसार एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री राम राघव, मेसर्स ग्रीन सर्कल आईएनसी, बडौदा, गुजराज उपस्थित हुए और उनके द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया ।

समिति ने प्रकरण के परीक्षण करने के उपरान्त पाया कि जिला खनिज अधिकारी द्वारा अपने पत्र क्रमांक 149 दिनांक 31/01/2024 के द्वारा लीज क्षेत्र के संशोधित अक्षांश –देशांश प्रदाय किये गये हैं।

उपरोक्त खदान को पूर्व में डिया जिला स्तरीय समिति द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसकी शर्तों के पालन प्रतिवेदन एवं अन्य बिन्दुओं के दृष्टिगत पुर्न मूल्यांकन हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया है। समिति द्वारा ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा की गई ।

डिया की ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा	**पालन प्रतिवेदन की वर्तमान स्थिति**
लीज के चारों ओर फेन्सिग की वर्तमान स्थिति	अपूर्ण पायी गई।
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार वृक्षारोपण की वर्तमान स्थिति एवं बेरियर जोन में 7.50 मीटर पर वृक्षारोपण	अपूर्ण पायी गई।
गारलेण्ड ड्रेन एवं सेटलिंग टेंक की वर्तमान स्थिति	अपूर्ण पायी गई।
अनुमोदित माईनिंग प्लान के अनुसार खनन किये	अवलोकित नहीं हुई।

गये पिट्स में बैंचेस की स्थिति।	
पौधारोपण की स्थिति	परियोजना प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया गया कि खदान क्षेत्र में लगभग 90 पेड़ लगाये गये एवं 300 पेड़ बांटे गये।
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार सामाजिक कार्य का विवरण भौतिक लक्ष्य, बजट	कोई प्रमाणिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये। मात्र फोटोग्राफ प्रस्तुत किये हैं।
प्रस्तावित स्थल की गूगल इमेज अनुसार वर्तमान स्थिति	वाटर बाडी– उत्तर पश्चिम दिशा– 60 मी., 40 मी. का सेटबेक दिया है। पोल्ट्री फार्म उत्तर पश्चिम दिशा– 350 मी., प्राकृतिक नाला उत्तर दिशा– 52 मी. लीज से लगी हुई एक पक्की सड़क है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया कि यह हालेज रोड है।

प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया कि खनन कार्य में ब्लास्टिंग नहीं की जावेगी । परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण, पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती है:–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता पत्थर–19600 घनमीटर/वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 6.43 लाख एवं रिकरिंग राशि रू. 2.97 लाख प्रति वर्ष ।
3. डिया द्वारा जारी ई.सी की समस्त शर्तो का एवं उपरोक्तानुसार दर्शायें गये कार्यो को पूर्ण कर विस्तृत पालन प्रतिवेदन खनिज अधिकारी से प्रमाणिकृत करवाकर 03 माह के अंदर सिया के समक्ष प्रस्तुत करेगें।
4. संशोधित सरफेस मेप का समावेश खनन् योजना में भू–प्रवेश के पूर्व कराया जाना सुनिश्चित किया जावे।
5. संशोधित सरफेस मेप जो परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत किया गया है । यदि इससे उत्पादन में परिवर्तन होता है, उसको भी संशोधित माईन प्लान में समावेश किया जावे ।
6. जिला खनिज अधिकारी मौके पर यह सुनिश्चित करेंगे कि संशोधित सरफेस मेप के अनुरूप खनन् कार्य किया जावेगा ।
7. जिला खनिज अधिकारी प्रत्येक 06 माह में लीज क्षेत्र का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेगें कि संशोधित सरफेस मेप ६ संशोधित माईन प्लान के अनुरूप खनन् कार्य हुआ है।
8. यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित जिला कलेक्टर के संज्ञान में लायेंगे तथा म.प्र. गौण खनिज नियम के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित् करेंगे तथा सिया को अवगत करायेंगे ।

9. अन्य शर्तो का पालन प्रतिवेदन नियमानुसार प्रत्येक 06 माह में खनिज अधिकारी से प्रमाणिकृत करवाकर सिया के समक्ष प्रस्तुत करेगें।

10. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 0.6 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.आर. मद में प्रस्तावित गतिविधियॉ	राशि (रू. में)
ग्राम कोलगाओं स्थित शासकीय विद्यालय में प्रयोगशाला के विकास हेतु उल्लेखित राशि जमा करवाई जावेगी।	60,000/-

11. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 2400 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियतस्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1.	उत्खनिपट्टे के बैरियर जोन के अंतर्गत	आंवला, सीताफल, गुआवा, आम,कटहल,मुनगा हाइब्रिड महुआ, अचार आदि एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ।	550 पौधे
2.	परिवहन मार्ग में	करंज, पीपल, बरगद, पुतरंजीवा, महुआ, कदम्ब इत्यादि एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ ट्री–गार्ड के साथ	100 पौधे
3.	ग्राम कोलगाओं में स्थित माध्यमिक विद्यालय के परिसर में	पुत्रं जीवा मोलश्री सिस्सू, कदम्ब, पीपल, कचनार, नीम, चिरोल आदि एवं अन्य स्थानीय प्रजातियॉ।	50 पौधे
4.	ग्रामीणों में पौधो का वितरण	आंवला, सीताफल, आम, अमरुद, अनार, कटहल, जामुन, हाइब्रिड मुनगा आदि अन्य स्थानीय प्रजातियॉ	1700 पौधे

उपरोक्तानुसार वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में किया जायें खनन अवधि तक उन पौधों का रख–रखाव / मृत पौधों का बदलाव खनन् अवधि तक किया जाये । गरलेण्ड ड्रेन तथा सेटलिंग टैंक के बंड पर स्थानीय बीज बोबाई कर उनका सरंक्षण किया जाना । परियोजना प्रस्तावक ग्रामीणों में पौधों का वितरण के समय गॉव का नाम, लाभांवित व्यक्ति/कृषक का नाम, मोबाईल नम्बर, खसरा नम्बर एवं प्रजाति का विवरण तथा कितने पौधे वितरित किये गये की संख्या देते हुए पर्यावरणीय स्वीकृति के पालन प्रतिवेदन में शामिल करेंगे।

उक्त प्रकरण की समीक्षा की गई तकनीकी दृष्टिकोण से अनुशंसा किये जाने योग्य है, परन्तु उल्लेखनीय है कि डिया प्रकरणों के रिअप्राईजल के संबंध में MOEF &CC के OM दिनांक 15/01/2024 के माध्यम से SOP जारी किया गया है। इस प्रकरण हेतु आवेदन 15 जनवरी के पूर्व का है, अतः प्रकरण की समीक्षा एवं अनुशंसा पूर्व में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार की गई है। अतः MOEF&CC के OM दिनांक 15/01/2024 के परिपालन में निर्णय एवं अग्रिम कार्यवाही सिया स्तर से किये जाने का आग्रह है।

5. Case No 9402/2022 Shri GAGAN SIKKA, Authorized Signatory, M/s BALAJI MINERAL, Village: Prakash Bamhori, Tehsil: Gaurihar, District: Chattarpur (M.P.), Prior Environment Clearance for Stone Quarry in an area of 3.536 ha. (2,16,326 Cum per annum) (Khasra No. 1945), Village - Prakash Bamhori, Tehsil - Gaurihar, Dist. Chhatarpur (MP). EIA.

प्रस्तावित खदान की 667वीं दिनांक 08/8/23 को प्रस्तुतीकरण हुआ था । **समिति द्वारा** परियोजना प्रस्तावक से निम्न बिंदु पर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया –

- समिति की पूर्व की 605वीं बैठक दिनांक 10/11/22 में उत्पादन क्षमता 2,16,326 Cum per annum के लिए टॉर की अनुशंसा और परिवेश पोर्टल आवेदन के पार्ट–बी के बिंदु क्रमांक–15.3 Additional Information पर अपलोड फार्म–1 एवं पीएफआर में भी स्टोन उत्पादन क्षमता 2,16,326 घनमीटर/वर्ष उल्लेखित है और इनती ही मात्रा की जन सुनवाई सम्पन्न हुई है जबकि परियोजना प्रस्तावक ने परिवेश पोर्टल आवेदन के पार्ट–ए के बिंदु क्रमांक–13 Details of Products & By-products पर पत्थर–2,16,326 घनमीटर/वर्ष एवं माइन वेस्ट–28,305 घनमीटर/वर्ष हेतु आवेदन किया जो अनुमोदित खनन् योजना, टॉर एवं फार्म–1 एवं पीएफआर के अनुरूप नहीं है ।

उपरोक्त जानकारी प्रस्तुत नहीं करने के कारण प्रकरण को समिति की 695वीं बैठक दिनांक 21/11/23 को डिलिस्ट कर दिया गया था ।

प्रकरण पुनः रिलिस्ट होकर प्राप्त हुआ है, जिसे समिति के समक्ष आज दिनांक 22/04/24 को रखा गया, जिसमें के दौरान चाही गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने के कारण परियोजना प्रस्तावक श्री गगन सिक्का एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री कृष्ण चंद्र पाण्डा, मेसर्स ओशियो इंवायरो मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स (इं.) प्रा.लि., गाजियाबाद, उ.प्र. उपस्थित हुए और उनके द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया ।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत जानकारी में उल्लेख किया है कि परिवेश पोर्टल आवेदन के पार्ट–ए के बिंदु क्रमांक–13 Details of Products & By-products में उत्पादन क्षमता त्रुटिवश गलत भर दी गई

थी। चूँकि परिवेश पोर्टल के पार्ट–सी जमा होने पर पार्ट–ए एवं पार्ट–बी की किसी जानकारी को बदला नहीं जा सकता है अतः टॉर लेटर में दी गई उत्पादन क्षमता 216326 घन मी./वर्ष ही खनन कार्य करेगा तथा संबंधित विभाग से यह अनुरोध करता है कि पार्ट–ए में त्रुटिवश दी गई By-products की जानकारी को नगण्य मानने की कृपा करें। समिति द्वारा प्रकरण से संबंधित जनसुनवाई के कार्यवाही विवरण, आमजन के सुझाव एवं प्राप्त आपत्तियों पर परियोजना प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यकतानुसार परियोजना में प्रस्तावित सामाजिक/पर्यावरणीय कार्यो की समीक्षा की गई।

समिति ने परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिये गये प्रस्ताव को मान्य करते हुये पत्थर की उत्पादन क्षमता 2,16,326घन मी./वर्ष की गई है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण, पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती हैः–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता 2,16,326 घन मी./वर्ष ।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 35.36 लाख एवं रिक्करिंग राशि रू. 4.35 लाख प्रति वर्ष ।
3. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 1.60 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01 वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.ई.आर. मद में प्रस्तावित गतिविधियॉ	राशि (रू.में)
10 No. of Solar Street Lights for the Prakash Bamhori Village @16,000 INR/Light	1,60,000

4. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 4243वृक्षों का वृक्षारोपण :–

कं.	वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित स्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1	बैरियर जोन में	Neem, Seesam, Khamer, Chirol & Karanj	2715
2	परिवहन मार्ग में (न्यूनतम ऊँचाई 1.5 मीटर ट्री–गार्ड के साथ)	Neem, Sisam & karanj	1090
	Plantation in Community Land	Neem, Pipal, Kadamb, Karanj & Ashok	200

	Implementation agency: through DFO/comptent agency/Gram Panchayat
उपरोक्तानुसार वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में किया जायें एवं 03 वर्ष तक उन पौधों का रख–रखाव/मृत पौधों का बदलाव खनन् अवधि तक किया जाये। गरलेण्ड ड्रेन तथा सेटलिंग टैंक के बंड पर स्थानीय बीज बोबाई कर उनका सरंक्षण किया जाना। परियोजना प्रस्तावक ग्रामीणों में पौधों का वितरण के समय गॉव का नाम, लाभांवित व्यक्ति का नाम एवं प्रजाति का विवरण देते हुए पर्यावरणीय स्वीकृति के पालन प्रतिवेदन में शामिल करेंगे।	

अनुशंसा– प्रस्तुतीकरण एवं समीक्षा के आधार पर उपरोक्त विशिष्ट शर्तो के साथ परियोजना को पर्यावरण स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा की जाती है।

6. Case No 10466/2023 Shri ARJUN SHRIVASTAVA, OIC-MPSMCL (कनिष्ठ प्रबंधन संभागीय कार्यालय, भोपाल, Apollo paradise, Bawadiya Kalan, Near Minal Enclave, Gulmohar, Huzur, Bhopal (M.P.), Prior Environment Clearance for Chhindgaonkachhi Sand Quarry in an area of 5.00 ha. (66000 cum per year) (Khasra No. 63), Village-Chhidgaonkachhi (Chhitgaon), Tehsil-Nasrullaganj, District-Sehore (MP).

प्रस्तावित खदान का समिति की 687वीं बैठक दिनांक 11/10/23 को प्रस्तुतीकरण हुआ था, जिसमें पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु अनुशंसा सिया को प्रेषित की गई थी ।

प्रकरण में सिया की 816वीं बैठक दिनांक 09/11/23 को जिले की संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट अनुमोदन के उपरांत ही प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु अनुशंसा की जाये । सिया में जानकारी प्रेषित किये जाने की शर्त पर पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु अनुशंसा न की जाये, के आधार पर प्रकरण पुनः परीक्षण हेतु समिति को प्रेषित किया गया है ।

प्रकरण समिति के समक्ष समिति की 703 वीं बैठक दिनांक 18/12/23 को रखा गया है, जिसमें परियोजना प्रस्तावक अर्जुन श्रीवास्तव, खनिज विभाग से खनिज अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह परमार एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री कृष्ण चंद्र पाण्डा, मेसर्स ओशियो इंवायरो मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स (इं.) प्रा.लि., गाजियाबाद, उ.प्र. समिति के समक्ष भी उपस्थित थे।

- समिति द्वारा माईनिंग प्लान के अक्षांस देशांस के आधार पर बैठक दिनांक 11/10/2023 में उपस्थित माईनिंग अधिकारी ओर परियोजना प्रस्तावक के द्वारा किये गये अनुरोध के आधार पर प्रकरण का परीक्षण किया गया था तदानुसार खनन योग्य मात्रा की अनुशंसा की गई थी।
- साथ ही यह भी निर्देश दिये गये थें कि प्रक्रिया अनुसार डीएसआर के संबंधित पृष्ठ पर भी संशोधन कर उसकी प्रति सिया को प्रस्तुत की जावेगी जिसका उल्लेख मिनटस में किया गया है ।

- आज दिनांक प्रस्तुतीकरण के दोरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा माईनिंग अफसर की प्रतिवेदन 20/06/2023 प्रस्तुत किया गया जिसमें संशोधन का आश्वासन दिया गया है। अतः प्रकरण पुनः पूर्व अनुशंसा सहित प्रस्तुत है।

उपरोक्त जानकारी परियोजना प्रस्ताव ने दिनांक 09/02/2024 को प्रस्तुत कर दी गई है, जिसमें समिति समक्ष आज दिनांक 22/04/2024 को प्रस्तुतीकरण हेतु रखा गया, जिसमें परियोजना प्रस्तावक अर्जुन श्रीवास्तव, खनिज विभाग से खनिज अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह परमार, ऑनलाईन एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री कृष्ण चंद्र पाण्डा, मेसर्स ओशियो इंवायरो मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स (इं.) प्रा.लि., गाजियाबाद, उ.प्र. समिति के समक्ष भी उपस्थित थे।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा जिला–सीहोर का पत्र क्रमांक 1581 दिनांक 18/04/2024 प्रस्तुत किया गया जिसमें उल्लेख है स्वीकृत 30 रेत खदानों में से ग्राम छिन्दगांव काछी, तहसील–भैरूदा, जिला–सीहोर, खसरा क्र. 63 रकबा 5 हेक्ट. पर उत्खनिपट्टा स्वीकृत हुआ है। रेत खदान का विवरण जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के पेज क्रमांक 126 के सरल क्रमांक 13 पर अंकित रेत खदान की वार्षिक उत्पादन 00 घ.मी. अनुमोदित है। परिक्षण में पाया गया कि प्रस्तावित रेत खदान एक नवीन खदान है एवं पूर्व में इस खदान से किसी भी प्रकार की रेत निकासी नहीं की गई है। खनि निरीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार ग्रम छिदगांवकाछी तहसील–भैरूदा, जिला–सीहोर, खसरा क्र. 63 रकबा 5 हेक्ट.क्षेत्र पर रेत खनिज की उपलब्ध मात्रा 1,50,000 घन.मी. में से नियमानुसार 90,000 घन.मी./वर्ष खनन किया जाना प्रस्तावित है। जोकि सम्पूर्ण मात्रा का 60 प्रतिशत है। अतः उपरोक्त मात्रा को अग्रिम कार्यवाही हेतु मान्य किया जावे एवं उपरोक्त प्रस्तावित संशोधित जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में समावेश कर लिया जावेगा।

अतः प्रकरण के संबंध में समिति ने निर्णय लिया कि पुनः पूर्व सेक की 687वीं बैठक दिनांक 11/10/23 को की गई अनुशंसा को यथावत रखती है।

7. <u>Case No 10564/2023 Shri Hirendra Pratap Singh, Leessee, R/o Mahagad, Tehsil-Manasa, District-Neemuch (MP)-458113, Prior Environment Clearance for Barthun Stone Quarry in an area of 1.69 ha. (10000 cum per year) (Khasra No. 1190, 1193, 1194), Village-Barthun, Tehsil-Manasa, District-Neemuch (MP)</u>

प्रकरण समिति की 691वीं बैठक दिनांक 18/10/23 को प्रस्तुतीकरण हुआ था । यह प्रकरण डिया द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के री–एपराईजल हेतु प्राप्त हुआ है। परियोजना प्रस्तावक एवं उनके सलाहकार द्वारा दिया गया प्रस्तुतीकरण पूर्ण नहीं पाया गया। अतः समिति द्वारा पुनः निम्न बिन्दुओं पर जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये।

1. Copy of Form-I
2. Land status/P2:
3. Area & Location with Khasra no:
4. Current Ekal Praman Patra
5. Status of Eco-Sensitive Zone (mentioned in Old & new Ekal Praman Patr/SEIAA Proposal/DEIAA EC)
6. Production capacity and year wise production details, in tabular form till today:
7. OB Dump and waste management with facts and figures:
8. Top soil management with soil profile:
9. Detail of old Environment Clearance with validity period:
10. EC transfer details (if any), old EC no…..date…..
11. Lease agreement details with compliance of LRC provisions
12. Water requirement (KLD):
13. Green Area: in hac. & Number of plants to be planted (Proposed)
14. No of trees & tree felling total tree inventory with photos:
15. Work Done under CER with coordinates, photos & verifiable proof:
16. Compliance of EC conditions (EC granted by DEIAA):
    - Tree plantation (Target/compliance/ Photographs)
    - GPS Photo graphs of at least 25% plantation for the proposed plantation.
    - Fencing work (Polygon with GPS photos showing complete fencing in total periphery)
    - GPS Photo graphs of Garland drains length & number & size of settling tanks
    - Detail of plants distribution with list : name of villager's, mobile number, number of plants name of village.
    - Verifiable proof of CER
17. Drone photograph of 500 m radius of proposed area.
18. Carbon footprint.
19. Compliance of water/ air consents issued by MPPCB.

Note:
1. Form-I should tally with presentation (PPT) figures
2. Furnished data should be supported with Geo-tagged photographs.
3. Surface plan should include over burden storage and details of crusher location (established/to be established) with all norms.

उपरोक्त जानकारी प्रस्तुत करने के बाद प्रकरण को समिति के समक्ष 715वीं बैठक दिनांक 19/01/24 को प्रस्तुतीकरण हेतु सूचीबद्ध था, जिसमें परियोजना प्रस्तावक/उनके पर्यावरणीय सलाहकार समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए । समिति ने चर्चा उपरांत निर्णय लिया कि परियोजना

प्रस्तावक से प्रस्तुतीकरण हेतु अनुरोध प्राप्त होने के पश्चात प्रकरण की समीक्षा हेतु विचार किया जा सकेगा ।

प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक से प्रस्तुतीकरण हेतु अनुरोध को मान्य करते हुए आज दिनांक समिति के समक्ष आज दिनांक 22/04/2024 को रखा गया, जिसमें परियोजना प्रस्तावक Shri Hirendra Pratap Singh, Online एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमित सक्सेना, (ऑनलाईन) मेसर्स एपेक्स मिनटेक कांसल्टेंट, उदयपुर उपस्थित हुए और उनके द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया।

उपरोक्त खदान को पूर्व में डिया जिला स्तरीय समिति द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसकी शर्तों के पालन प्रतिवेदन एवं अन्य बिन्दुओं के दृष्टिगत पुर्न मूल्यांकन हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया है। समिति द्वारा ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा की गई ।

डिया की ई.सी. में अधिरोपित शर्तो की समीक्षा	**पालन प्रतिवेदन की वर्तमान स्थिति**
लीज के चारों ओर फेन्सिग की वर्तमान स्थिति	अपूर्ण (लगभग 300 मी.)पायी गई।
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार वृक्षारोपण की वर्तमान स्थिति एवं बेरियर जोन में 7.50 मीटर पर वृक्षारोपण	अपूर्ण पायी गई।
गारलेण्ड ड्रेन एवं सेटलिंग टेंक की वर्तमान स्थिति	अपूर्ण पायी गई।
अनुमोदित माईनिंग प्लान के अनुसार खनन किये गये पिट्स में बैंचेस की स्थिति।	अवलोकित नहीं हुई।
पौधारोपण की स्थिति	परियोजना प्रस्तावक द्वारा अवगत कराया गया कि खदान क्षेत्र में लगभग 50 पेड़ लगाये गये एवं पेड़ नहीं बांटे गये।
ई.सी. में अधिरोपित शर्तो के अनुसार सामाजिक कार्य का विवरण भौतिक लक्ष्य, बजट	कोई प्रमाणिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये।
परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया कि खदान क्षेत्र में 07 पेड़ हैं	07 पेड़ ही काटे जावेगें जिसके एवज में 70 अतिरिक्त पेड़ लगाये जाना प्रस्तावित है।

738वीं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की बैठक
दिनांक 22 अप्रैल 2024

परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण, पर्यावरण प्रबंधन योजना एवं अन्य प्रस्तुत की गई जानकारी संतोषजनक एवं स्वीकार्य योग्य होने से समिति द्वारा विशिष्ट शर्तो एवं स्टेण्डर्ड शर्तो संलग्नक–ए अनुसार निम्नानुसार पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा करती हैः–

1. अनुमोदित खनन् योजना अनुसार अधिकतम् उत्पादन क्षमता पत्थर–10,000 मी^{3} प्रति वर्ष।
2. पर्यावरण प्रबंधन योजना मद में केपीटल राशि रू. 15.76 लाख एवं रिकरिंग राशि रू. 2.98 लाख प्रति वर्ष ।
3. खनन क्षेत्र में प्रस्तावित माईन आधारित क्रेशर प्लान्ट/एम.सेड प्लांट हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नियमानुसार स्थापना एवं संचालन सम्मति प्राप्त करना होगी।
4. म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की दिशा निर्देशों के अनुसार प्रस्तावित क्रेशर प्लान्ट/एम.सेड प्लांट में स्लरी प्रबंधन तथा वायु प्रदूषणरोधी उपकरणों की स्थापना सुनिश्चित की जावेगी।
5. यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित जिला कलेक्टर के संज्ञान में लायेंगे तथा म.प्र. गौण खनिज नियम के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित् करेंगे तथा सिया को अवगत करायेंगे।
6. सी.ई.आर मद में निम्नानुसार राशि रू. 0.6 लाख तथा सी.ई.आर. में प्रस्तावित सभी कार्य आगामी 01वर्ष में पूर्ण किये जाये :–

सी.इ.आर मद से प्रस्तावित गतिविधि	राशि (रू. में)
गांव बरथून के शासकीय प्राथमिक विघालय में अधोसंरचना विकास हेतु वितिय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।	60,000

7. निम्नानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) कम से कम 2,100 वृक्षों का वृक्षारोपण :–

क्रं.	प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान	पौधों की प्रजातियॉ	मात्रा (संख्या में)
1	बैरियर जोन में	नीम, सीताफल, पीपल, करंज, आम, जामुन, अमरूद, आंवला, अनार, निम्बू, कटहल, सफेद कस्टार, सिस्सु आदि।	450
2	परिवहन मार्ग में (न्यूनतम ऊॅचाई 1.5 मीटर ट्री–गार्ड के साथ)	नीम, पीपल, कचनार, करंज, कदम, चिरोल, आदि।	750
	ग्राम भीमाखेड़ी के सरकारी प्राथमिक विद्यालय भवन प्रांगण में लगाये जायेंगें।	गुलमोहर, नीम, आदि।	70

	ग्रामीणों में पौधों का वितरण	आम, जामुन, अमरूद, आंवला, अनार, निम्बू, कटहल आदि।	830
योग			2,100
उपरोक्तानुसार वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में किया जायें एवं 03 वर्ष तक उन पौधों का रख–रखाव / मृत पौधों का बदलाव खनन् अवधि तक किया जाये। गरलेण्ड ड्रेन तथा सेटलिंग टैंक के बंड पर स्थानीय बीज बोबाई कर उनका सरंक्षण किया जाना । परियोजना प्रस्तावक ग्रामीणों में पौधों का वितरण के समय गॉव का नाम, लाभांवित व्यक्ति का नाम एवं प्रजाति का विवरण देते हुए पर्यावरणीय स्वीकृति के पालन प्रतिवेदन में शामिल करेंगे ।			
		कुल	2,100

अनुशंसा– प्रस्तुतीकरण एवं समीक्षा के आधार पर उपरोक्त विशिष्ट शर्तो के साथ परियोजना को पर्यावरण स्वीकृति जारी करने की अनुशंसा की जाती है।

8. <u>Case No 10306/2023 Shri Varun Tiwari, Lessee, R/o Singrauli, Tehsil & District-Singrauli (MP)-486889 Prior Environment Clearance for Chatri Soil Quarry in an area of 1.76 ha. (3292 cum per year) (Khasra No. 1711, 1712, 1718), Village-Chatari, Tehsil-Chitrangi, District-Singrauli (MP)-DEIAA TO SEIAA.</u>

प्रस्तावित खदान समिति की 697वीं बैठक दिनांक 23/11/2023 को प्रस्तुतीकरण हुआ था, जिसमें –

- समिति ने परीक्षण उपरांत पाया कि पूर्व प्रदाय डिया की पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध परियोजना प्रस्तावक द्वारा मात्र 120 वृक्ष लगायें है।
- खदान के चारों ओर फेन्सिग भी नहीं पाई गई।
- सी.ई.आर. संबंधी किये गये कार्यो की दस्तावेज।

अतः समिति ने परियोजना प्रस्तावक एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार को निर्देश दिया कि **कार्यो की दस्तावेज, व्यय, फोटोग्राफ संशोधित फार्म–1 सहित प्रस्तुत करें तब उनके प्रकरण पर विचार किया जायेगा ।**

उपरोक्त जानकारी परियोजना प्रस्ताव ने दिनांक 27/02/2024 को प्रस्तुत कर दी गई है, जिसमें समिति समक्ष आज दिनांक 22/04/2024 को प्रस्तुतीकरण हेतु रखा गया, जिसमें परियोजना प्रस्तावक श्री वरूण तिवारी एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री एस.आई तनवीर, मे0. अल्ट्रा टेक, थाणे (महाराष्ट्र) उपस्थित हुए और उनके द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया ।

समिति द्वारा प्रकरण के प्रस्तुतीकरण के प्रारम्भ में पर्यावरणीय सलाहकार से पूछने पर ज्ञात हुआ कि उनके यहॉ से स्थल निरीक्षण नहीं किया गया है। अतः समिति ने निर्देश दिये कि खदान क्षेत्र का एवं

आस–पास के क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर जियोटेग फोटोग्राफ के साथ प्रस्तुत करें। तदुपरान्त प्रकरण पर विचार किया जावेगा।

9. <u>Case No 10837/2023 Shri Vikram Singh, Lessee, R/o Village-Dhablasiya, Tehsil-Mahidpur, District-Ujjain (MP)-456441, Prior Environment Clearance for Ranayrapeer Stone Quarry in an area of 2.00 ha. (7980 cum per year) (Khasra No. 1237), Village-Ranayara Pir, Tehsil-Mahidpur, District-Ujjain (MP)</u>

प्रकरण आज सेक की 711वीं बैठक दिनांक 09/01/24 को प्रस्तुतीकरण हेतु सूचीबद्ध था, जिसमें परियोजना प्रस्तावक / उनके पर्यावरणीय सलाहकार समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए । समिति ने चर्चा उपरांत निर्णय लिया कि परियोजना प्रस्तावक से प्रस्तुतीकरण हेतु अनुरोध प्राप्त होने के पश्चात प्रकरण की समीक्षा हेतु विचार किया जा सकेगा ।

प्रस्तावित खदान बी–2 श्रेणी के अंतर्गत डिया द्वारा जारी पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति के मूल्यांकन का है, जिसमें आज दिनांक 22/04/2024 को परियोजना प्रस्तावक **Shri Vikram Singh, Online** एवं उनके पर्यावरणीय सलाहकार श्री अमित सक्सेना, मेसर्स एपेक्स मिनटेक कांसल्टेंट, उदयपुर, उपस्थित हुए और उनके द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया ।

परियोजना विवरण	**परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज**	
परियोजना प्रस्तावक का नाम व पता	Shri VIKRAM SINGH, Lessee, R/o Village Dhablasiya, Tehsil Mahidpur ,District Ujjain (M.P)	
खसरा नं./ क्षेत्रफल (सरकारी/निजी)	1237/2 (सरकारी –नॉन फॉरेस्ट लेंड)	2.00 hectare.
स्थल	ग्राम RANAYARA PIR तसहील Mahidpur जिला Ujjain (म.प्र.)	
लीज स्वीकृति	लीज अनुबंध दिनांक 22/12/2016.	
ब्लास्टिंग/रॉक ब्रेकर	ब्लास्टिंग प्रस्तावित है ।	
डिया द्वारा जारी ई. सी. का विवरण (यदि लागू हो)	DEIAA Ujjain EC issued vide letter No. 2305 dated 16/10/2017.	
उत्पादन क्षमता	परियोजना प्रस्तावक द्वारा पत्थर–7,980 घनमीटर/वर्ष हेतु आवेदन किया गया है और अनुमोदित खनन् योजना अनुसार पत्थर–7,980 घनमीटर/वर्ष है।	
500 मीटर की परिधि में अन्य खदानें	कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उज्जैन के एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 3058 दिनांक 23/08/23 अनुसार 500 मीटर की परिधि में अन्य कोई खदान संचालित/स्वीकृत नहीं है, अतः प्रकरण बी–2 श्रेणी का है।	
वन मण्डलाधिकारी की अनापत्ति	कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उज्जैन के एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 3058 दिनांक 23/08/23 अनुसार 10 किलोमीटर की परिधि में नेशनल पार्क/अभ्यारण्य/ईको सेंसेटिव जोन जैव विविधता क्षेत्र एवं 250	

	मीटर में वन क्षेत्र स्थित नहीं है।
तहसीलदार की अनापत्ति	कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उज्जैन के एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 3058 दिनांक 23/08/23 अनुसार 500 मीटर की परिधि में मानव बसाहट, शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सालय, पुरातत्व धरोहर, राष्ट्रीय महत्व के स्मारक, रेल्वे लाईन/सार्वजनिक भवन/शमशान घाट/राष्ट्रीय राजमार्ग/ संवेदनशील क्षेत्रों जैसे : रेडियो स्टेशन, दूरदर्शन, हवाई अड्डा, प्रतिरक्षा संस्थान एवं जलीय निकाय/नदी/ तालाब/ बांध/स्टॉप डैम/नहर/ग्रामीण कच्चा/पक्का रास्ता/नाला नहीं है ।
ग्राम सभा/ ग्राम पंचायत की अनापत्ति	ग्राम पंचायत रणायरा पीर जिला उज्जैन के पत्र दिनांक 21/11/16 अनुसार प्रस्तावित स्थल पर खनन् कार्य से पंचायत को कोई आपत्ति नहीं है ।
प्रस्तावि स्थत पर वृक्षों की वर्तमान स्थिति	Tree Existing- No
प्रस्तावि स्थल की गूगल इमेज अनुसार वर्तमान स्थिति	परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि लीज क्षेत्र की उत्तर पूर्व दिशा एवं दक्षिण पश्चिम दिशा की सीमा से पक्का रोड लगा हुआ है एवं उत्तर पश्चिम दिशा में लगभग 155 मी. की दूरी पर एक नहर निकल रही है। दक्षिण पश्चिम दिशा में लगभग 163 मी. की दूरी पर एक नाला निकल रहा है।
प्रस्तावि खदान की जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में स्थिति	कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उज्जैन के एकल प्रमाण–पत्र क्रमांक 3058 दिनांक 23/08/23 अनुसार उक्त खदान को नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में सम्मिलित कर ली जावेगा । समिति ने चर्चा उपरांत निर्णय लिया कि राज्य स्तरीय स्तरीय पर्यावरण समाघॉत निर्धारण प्राधिकारण मध्यप्रदेश की 739वीं बैठक दिनांक 29/07/22 (प्रकरण में 9261/2022 – जारी पत्र क्रमांक 1306 दिनांक 04/08/22) में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में इस प्रकरण को भी पर्यावरणीय संवेदनशीलता के दृष्टिगत परीक्षण कर पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु सिया को अनुशंसित किया जाये ।

समिति ने परीक्षण उपरान्त पाया कि लीज क्षेत्र की उत्तर पूर्व दिशा एवं दक्षिण पश्चिम दिशा की सीमा से पक्का रोड लगा हुआ एवं प्रकरण में ब्लास्टिंग प्रस्तावित है । अतः निर्धारित स्थानवार दूरी छोड़ने पर लीज एरिया खनन योग्य शेष नहीं बचता।

प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त स्थिति में बैठक के दौरान अनुरोध किया गया कि उक्त खनन कार्य रॉक ब्रेकर पद्धति से किया जाना प्रस्तावित है एवं किसी भी प्रकार का विस्फोटक इस्तमाल न करते हुये रॉक ब्रेकर का का इस्तमाल किया जावेगा।

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि रॉक ब्रेकर से बिना किसी विस्फोटक के उपयोग से यदि तकनीकी रूप से तथा व्यवहारिक रूप से खनन किया जाना संभव हो तो इस पर खनिज अधिकारी परीक्षण कर माईनिंग प्लान में आवश्यक संशोधन करेंगें एवं इस बात का विशेष रूप से खनिज अधिकारी ध्यान रखेगें कि क्या बिना ब्लास्टिंग के खनन कार्य किया जाना संभव है अथवा नहीं, तथा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त होने की स्थिति में बिना किसी ब्लास्टिंग के खनन कार्य किये जाने की सुनिश्चितता की जानकारी खनिज अधिकारी की होगी। परियोजना प्रस्तावक द्वारा स्वीकृत खनिज क्षेत्र के बाहर लगाये जाने वाले बोर्ड पर अन्य जानकारी के साथ बड़े–बड़े अक्षरों में स्पष्ट रूप से लिखा हो, उक्त आशय का उल्लेख सुनिश्चित किया जावेगा।

समिति ने चर्चा उपरांत परियोजना **प्रस्तावक के प्रस्ताव को मान्य करते हुये सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित रॉक ब्रेकर का संशोधित माईनिंग प्लान कार्यवाही विवरण जारी होने की दिनांक से 01 माह के अन्दर परिवेश पोर्टल अपलोड करने हेतु एडीएस जारी करें ।**

10. Case No 10898/2023 Shri Prakash Tarodiya, Lessee, R/o Village-Bidwai, Tehsil-Badnawar, District-Dhar (MP)-454665, Prior Environment Clearance for Khuntpala Stone (Gitti) Quarry in an area of 2.00 ha. (19400 cum per year) (Khasra No. 507), Village-Khatpala, Tehsil-Sardarpur, District-Dhar (MP)

